दिनांक	30	अप्रैल	2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निगम क्षेत्र मे सेनेटाइज व फाॅगिंग कार्य मे जूटा हुआ है स्वास्थ्य का अमला

भिलाईनगर / निगम के स्वास्थ्य विभाग का अमला वार्डो के गली मोहल्लों के सभी घर , आवश्यक सेवा वाले दुकान, बाजार क्षेत्र को टैंकर एवं हैन्ड स्प्रे के द्वारा सैनेटाइज का कार्य नियमित रूप से कर रहे हैं। मच्छर उन्मूलन के तहत शहर के सभी क्षेत्रों में सायं काल फाॅगिंग किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन आमजन से अपील कर रही है कि लोग अपने घर में ही रहे ताकि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सके, वहीं लाॅक डाउन के तहत सोशल डिस्टेंस बनाए रखने तथा घर से बाहर निकलने वाले सभी नागरिकों को चेहरे पर अनिवार्य रूप से मास्क लगाने के आदेश का पालन कराते हुए जुर्माना भी वसूला जा रहा है। निगम प्रशासन के अधिकारी सभी बाजारों में निरीक्षण कर व्यापारी तथा ग्राहकों को फेस कवर करने मास्क या अन्य उपाय करने के निर्देश दे रहे हैं। भिलाई निगम के सभी जोन कार्यालयों के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग की टीम कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु क्षेत्र के वार्डो में सोडियम हाइपोक्लोराइड के घोल से दुकानों के शटर, बाजार क्षेत्र, घरों, खिड़की, दरवाजे, फर्नीचर सहित बार बार छुए जाने वाले वस्तुओं तथा घर एवं आस पास सहित पिछले दो दिनों में स्वच्छता कर्मचारियों ने 2064 स्थानों पर केमिकल का छिड़काव टैंकर गाड़ी व हैन्ड स्प्रे के माध्यम से करते हुए सेनेटाइज किया। ।

जनसम्पर्क अधिकारी